2020/00217

फर्द अहकाम

(नियम 26)

# न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

**प्रार्थी / अपीलांट** — बनाम — **अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट**

श्री महेन्द्रसिंह पुत्र श्री सुंदरसिंह गोयल
जाति राजपूत
निवासी नयावास नं. 2 सिरोही
जिला सिरोही

सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी
जिला परिवहन अधिकारी सिरोही

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005**

मुकदमा नं. 19 वर्ष 2020

| दिनांक हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज | नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए |
|---|---|---|
| 07.08.2020 | अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी जिला परिवहन अधिकारी सिरोही को दिनॉक 29.11.2019 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि बिना वाहन विक्रय का लाइसेंस लिये कितने शोरूम संचालित है व उन पर कब–कब कार्यवाही हुई एवं वाहन विक्रेता नियमानुसार वाहन पंजयीन कर रहे है व उनके द्वारा नियत तिथि तक वाहन कर जमा कराया जा रहा है से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था । किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं ।<br><br>मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी जिला परिवहन अधिकारी सिरोही को दिनॉक 29.11.2019 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि बिना वाहन विक्रय का लाइसेंस लिये कितने शोरूम संचालित है व उन पर कब–कब कार्यवाही हुई एवं वाहन विक्रेता नियमानुसार वाहन पंजयीन कर रहे है व उनके द्वारा नियत तिथि तक वाहन कर जमा कराया जा रहा है से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। जिला परिवहन अधिकारी सिरोही के अपीलांट अधिकारी जिला कलक्टर नहीं है। अतः अपीलांट की अपील खारिज की जाती है। अपीलांट चाहे तो सक्षम प्राधिकारी को अपील प्रस्तुत करने हेतु स्वतंत्र है। पत्रावली दर्ज रजिस्टर होकर [illegible] शुमार [illegible] कम हो ।<br><br>(भगवती प्रसाद)<br>जिला कलक्टर, सिरोही | 239-40<br>13/8/20 |

Signature Not Verified
Digitally signed by Bhagwati Prasad Kalal
Date: 2021.01.12 16:47:49 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner